# 2025

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देशः*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं: क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv)* *उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

### खण्ड - 'क'

(पद्य - 8+12=20 अंक)

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः 6

(क) मैं नवांगतुक हूँ
मेरा यही अपराध है कि
मैं सैनिक के वेश-भूषा में आया हूँ
अगर मैं जन्म की पोशाक में आता
तो वे स्वीकार ही नहीं करते।

*अथवा*

(ख) कौन कह रहा बनजारों-सा यह जीवन बेकार है
मैं सबका हूँ, सब मेरे हैं, सबसे मुसको प्यार है।

*निर्देश : प्रश्न संख्या 2 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 3 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 6 और 7 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न संख्या 8 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

2. सर सूखे पंछी उड़ै, और सरन्ह समाहिं।
दीन मीन बिन पच्छके, कहु रहीम, कहँ जाँहिं।।
– रहीम के उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

3. 'गीली मिट्टी की तरह हाँ-हाँ मत करो'
पठित पाठ के आधारपर स्पष्ट कीजिए। 3

4. कामदेव कैसे भस्म हो गया? 2

5. "मैं हरि पतित पावन सुने।
मैं पतित, तुम पतित-पावन, दोनु बानक बने"।।
– तुलसी की उपर्युक्त पंक्तियों में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

6. रहीमने किस प्रकार के जल को श्रेष्ठ कहा है? 1

7. कवि तुलसीदास का आराध्य देव कौन है? 1

8. 'फुटपाथ' कविता का रचयिता है – 1

(क) नागार्जून (ख) धूमिल
(ग) थाङ्जम इबोपिशक सिंह (घ) पवित्र मुखोपाध्याय।

## खण्ड – ख

### (गद्य – 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 6

(क) चाहे पुरुष हो या महिला, बच्चे हो या बूढ़े, प्रत्येक मैते के खून में युद्धका रंग भरा हुआ और रण-कौशल का अभ्यास नित्य-क्रिया का एक अभिन्न अंग था।

*अथवा*

(ख) संघर्ष ही में प्रतिभा को बल मिलता है, मनुष्य श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर होता जाता है।

10. 'पत्नी' अथवा 'कामाख्या की छाया में' पाठ का सारांश लगभग 160 शब्दों मै लिखिए। 8

*निर्देशः प्रश्न संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

11. शगोल काङजै कैसे खेला जाता है? लिखिए। 4

12. एड्स के संचार को पूर्ण रूप से रोकने लिए हमें क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए? 3

13. सच्चा असमीया क्या करता है? 2

14. ''जुल्म को मिटाने के लिए कुछ जुल्म होगा ही''।

– उपर्युक्त वाक्य कौन से पाठसे उद्घृत किया गाया है? 1

(क) 'कामाख्या की छायामें' से।

(ख) 'मणिपुर के प्रमुख प्रचीन खेल' से।

(ग) 'पत्नी' से

(घ) 'साहित्यिक की मूर्ति पूजा' से।

15. 'किशोरावास्था और एड्स' शीर्षक निबन्ध का लेखक कौन है? 1

(क) अज्ञेय

(ख) जैनेन्द्रकुमार

(ग) इबोहल सिंह काङ्जम

(घ) एस. लनचेनबा मीतै

## खण्ड – ग

### (पूरक पाठ्य पुस्तक – 15 अंक)

*निर्देशः प्रश्न संख्या 16 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 20, 21 और 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

16. मानव की प्रगति में विज्ञान का क्या योगदान है? 4

17. विनोदशंकर व्यास की कहानी 'विधाता' का मुख्य स्वर क्या है? स्पष्ट कीजिए। 3

18. त्रिपिटक क्या है? इसमें क्या-क्या निहित हैं? 2

19. रामायण और महाभारत की सामान्य विशेषताएँ लिखिए। 2

20. विज्ञान का अर्थ क्या है? 1

21. रात्रि के समय विजयकृष्ण ने लउजावती से क्या कहा? 1

22. गुप्तकाल में कौन-कौन सी कलाएँ अधिक विकसित हुईं? 1

23. महायज्ञ कितने हैं? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

**खण्ड - घ**

**(वाचन - 10 अंक)**

***निर्देशः प्रश्न संख्या 24, 25 और 26 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 27 से 30 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्द समूह में लिखिए।***

24. दोहा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

25. छन्द किसे कहते हैं? छन्द के कितने प्रकार होते हैं? 2

26. उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

27. अलंकार कितने प्रकारके होते हैं? 1

28. 'सुधि आए सुधि जाए'।

– उपर्युक्त पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए। 1

29. 'मुख कमल है'

– उपर्युक्त वाक्यमें कौन-सा अलंकार निहित है? 1

30. श्लेष अलंकार किसे कहते हैं? 1

## खण्ड - ङ

### (लेखन - 15 अंक)

31. (क) मान लीजिए कि आप 'इम्फाल भेली हाईस्कूल' के प्रधान अध्यापक हैं। आप के स्कूलमें एक 'साइन्स ग्रेजूएट टीचर' का पद खाली है। इस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए। 8

*अथवा*

(ख) मान लीजिए कि आप 'क' संगठन के सेक्रेटरी हैं। आपके कार्यालय में एक 'चपरासी' का पद खाली है। इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए।

32. (क) मान लीजिए कि आप 'जनता एक्सप्रेस' के सम्पादक हैं। आपको लगा कि अभी मणिपुर की सामाजिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है। इस संबन्ध में अखबार में छपानेलायक एक रिपोर्ट लिखिए। 7

*अथवा*

(ख) मान लीजिए कि आप एक समाचार पत्र के संपादक हैं। आपको लगा कि अभी मणिपुर में युवाओं का चरित्र बहुत बिगड़ गया है। इसको सुधारने के लिए आप अपने समाचार-पत्रमें छपानेलायक एक रिपोर्ट लिखिए।

## खण्ड - च

### (व्याकरण - 15 अंक)

***निर्देशः प्रश्न संख्या 33 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न संख्या 34, 35 और 36 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 से 42 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।***

33. तत्सम और तद्भव शब्द का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

34. संधि किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

35. तत्पुरुष समास किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए। 2

36. वाक्य किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? 2

37. जो दयालु पुरुष होते हैं, वे ईमानदार होते हैं।

– इस मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

38. श्याम आया और चला गया।

– इस संयुक्त वाक्य को सरल वाक्यमें परिवर्तित कीजिए। 1

39. 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।

40. 'एक पंथ दो काज़' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

41. 'कफन सिर पर बाँधे फिरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

42. 'फूँक-फूँक कर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

---